बरेली, शुक्रवार
18 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+8=22

# दैनिक जागरण

**PAGE NO : I TOP**

**चैंपियनशिप :** एसआरएमएस में फुटबाल चैंपियनशिप सुबह आठ बजे।

**PAGE NO : IV TOP**

शनिवार को खेले जाएंगे प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले, श्रीराम मूर्ति मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट का रविवार को होगा फाइनल

## आर्मी पब्लिक स्कूल, डीपीएस, बिशप कोनराड और एयरफोर्स सेमीफाइनल में

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट में गुरुवार को क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। पहले मैच में आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग ने मानस स्थली को, दूसरे में डीपीएस ने आर्मी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग को हराया। तीसरे में चाइल्ड केयर बिशप कोनराड ने पीएम श्री केवी एनईआर को और चौथे मैच में एयरफोर्स स्कूल ने जीआरएम सीनियर सेकेंडरी को पराजित किया। शुक्रवार को दोनों सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। फाइनल शनिवार को खेला जाएगा।



मैच के दौरान एक-दूसरे से बाल छीनने की कोशिश करते खिलाड़ी • आयोजक

**6 - 0** से आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग ने मानस स्थली को हराया

**2 - 0** से डीपीएस ने आर्मी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग को पराजित किया

**4 - 5** से चाइल्ड केयर बिशप कोनराड ने पीएम श्री केवी एनईआर को हराया

**3 - 2** से एयरफोर्स स्कूल ने जीआरएम सीनियर सेकेंडरी को किया पराजित

### टूर्नामेंट में आज

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट में शुक्रवार को पहले सेमीफाइनल में सुबह आठ बजे आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग और चाइल्ड केयर बिशप कोनराड में मैच होगा। दूसरे सेमीफाइनल में सुबह नौ बजे से डीपीएस और एयरफोर्स स्कूल के बीच होगा मुकाबला होगा।

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) स्थित फुटबाल स्टेडियम में सुबह आठ बजे मानस स्थली स्कूल और आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के बीच पहला क्वार्टर फाइनल मैच हुआ। आर्मी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के अनुप शर्मा ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। 13वें मिनट में हर्षित साही, 17वें मिनट में आर्यन सिंह, 21वें, 33वें और 49वें मिनट में हर्षित शाही ने गोल कर टीम को 6-0 की अजेय बढ़त दिलाई। दूसरा क्वार्टर फाइनल आर्मी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग और डीपीएस के बीच हुआ। मैच के डीपीएस के अतुल ने 50वें मिनट में और 55वें मिनट में अजीज ने गोल कर टीम को 2-0 से बढ़त दिलाई। डीपीएस ने 2-0 से मैच जीत लिया।

तीसरे क्वार्टर फाइनल में पीएम श्री केवी एनईआर और चाइल्ड केयर बिशप कोनराड में मुकाबला हुआ। मैच समाप्त होने तक दोनों टीमें 2-2 गोल से बराबरी पर रहीं। ऐसे में मैच का नतीजा पेनाल्टी शूट आउट से निकाला गया। जिसमें चाइल्ड केयर बिशप कोनराड ने तीन और पीएम श्री केवी एनईआर ने पांच पेनाल्टी शूट आउट में से दो को गोल में बदला। चाइल्ड केयर बिशप कोनराड ने पीएम श्री केवी एनईआर को 5-4 से हराया। एयरफोर्स स्कूल और जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच चौथा क्वार्टर फाइनल मैच हुआ। 33वें मिनट में अमन ने गोल कर एयरफोर्स स्कूल को बढ़त दिलाई। 40वें मिनट में कार्तिक और 49वें मिनट में ध्रुव ने भी 1-1 गोल कर बढ़त को 3-0 पहुंचा दिया। एयरफोर्स स्कूल ने 3-0 से मैच जीता। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, बरेली फुटबाल संघ के सचिव मुन रॉबिंसन और उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया, टूर्नामेंट की आयोजन समिति के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. मोहन मोहंती, नितिन सक्सेना, शंकरपाल, कामरान आसफ, वरिष्ठ कोच एसपी सिंह, रेफरी सौरभ यादव, संजय कुशवाहा, प्रमोद पंत, महेश चंद्र, निष्कर्ष सिंह कंडारी और आशु भाटी आदि मौजूद रहे।